## नाग पंचमी पर विधायक ने किया रुद्राभिषेक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सावन के पवित्र माह की सोमवारी और नागपंचमी पर जिले के सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़ी। जिला मुख्यालय स्थित जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल ध्वजाधारी धाम, झरनाकुंड धाम, शिव शक्तिपीठ माता चंचला देवी धाम, मसनोडीह के स्फटिक शिवलिंग मंदिर में अन्य दिनों की अपेक्षा भक्तों की अधिक भीड़ देखने को मिली। कोडरमा के नगरखारा स्थित शिव मंदिर में नाग पंचमी पर विधायक डॉ. नीरा यादव ने रुद्रअभिषेक किया। मौके पर उनके पति विजय यादव, समाजसेवी विनोद राम उर्फ मुन्ना राम, ललिता देवी ने सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक किया। मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि नाग पंचमी का पर्व प्रकृति के साथ जुड़ाव का प्रतीक है। नाग पंचमी पर काल सर्प दोष से मुक्ति के लिए धार्मिक अनुष्ठान का विशेष महत्व है। उन्होंने क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर मुकेश पांडेय, आलोक पांडेय, छोटू पांडेय के द्वारा पूजा संपन्न कराया गया। इस दौरान मुकेश राम, गौतम चंद्रवाशी, अमित चंद्रवंशी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में चार लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के थाना के समीप बीती रात को एक सड़क हादसे में कार पर सवार चार लोग घायल हो गये। घायलों में कोडरमा के नावाडीह निवासी अभिनंदन कुमार उम्र 28 वर्ष, गुमो निवासी अशोक यादव उम्र 35 वर्ष पिता खूबलाल यादव, मंटू कुमार वर्मा उम्र 34 वर्ष पिता जगदीश महतो और कैलाश प्रसाद वर्मा उम्र 45 वर्ष पिता रेवा महतो शामिल है। घटना को लेकर सदर अस्पताल में इलाजरत घायलों ने बताया कि सभी देवघर में बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान थाना के समीप उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें कार पर सवार सभी लोग घायल हो गये जिन्हें डोमचांच पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अभिनंदन कुमार को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है।

## पेठियाबागी से कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज के लिए रवाना



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेठीयाबागी से दर्जनों कांवरिया हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर अपने मित्रों के साथ देवघर बाबा नगरी भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने निकले। जिसमें जयनगर पेठियाबागी कांवरिया संघ बसंत कुमार साव, युवराज पंडित, रंजीत पंडित, दिलीप पंडित, मालती देवी, विकास साव, तिर्थ देवी, जानकी देवी, टेकलाल राम, चंदन, सोनू, पप्पू साव, सुंदर, सोनी सहित कई लोगों ने सुल्तानगंज से पवित्र गंगा जल उठाकर बाबा नगरी बैद्यनाथ धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। तत्पश्चात बाबा बासुकीनाथ में जलाभिषेक करेंगे।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित सोमवार अहले सुबह नवलशाही थाना क्षेत्र के मारुती चौक के समीप से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आलोक में कार्रवाई की गई है। पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने जब्त ट्रैक्टर के संदर्भ में खनन विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दिया है। वहीं पुलिस ने जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में रखा है।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय ने रक्षाबंधन पर्व मनाया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सहाना रोड कोडरमा शाखा के तत्वावधान में पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ नीरा यादव के आवास पर रक्षाबंधन पर्व आयोजित किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव और श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सुखदेव महंत मंदिर परिसर में पहुंचकर संयुक्त रूप से रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। जिसमें बीके अनिता बहन, बीके आरती बहन, बीके ललिता बहन, बीके संजय भाई, बीके गुड्डू भाई उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी अनिता बहन ने सभी को आत्म स्मृति का तिलक लगाकर और कलाई में पवित्रता का रक्षा सूत्र बांधकर मयार्दा पूर्ण जीवन जीने का और दीघार्यु होने की ईश्वर से शुभकामना रखी। सभी को ईश्वरीय सौगात और ईश्वरीय प्रसाद भी दिया गया।

## गुमशुदगी को लेकर थाना में सनहा दर्ज



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित पंचायत तेलोडीह के ग्राम नाइटंड निवासी सरिता देवी पति प्रकाश ठाकुर ने 21 अगस्त को अपने पुत्र अविनाश ठाकुर (उम्र 18 वर्ष) की गुमशुदगी का आवेदन मरकचो थाना में दे कर सन्हा दर्ज कराया है। जानकारी हो कि अविनाश ठाकुर 6 अगस्त को सुबह सात बजे अपने घर ग्राम नाईटांड से निकला जो अभी तक लौट कर नहीं आया। उसके परिवार के लोग अपने सभी सगे संबंधी के यहां काफी खोज बिन किया परंतु कही भी इसका पता नही चल पाया। आवेदन में बताया है कि अविनाश ठाकुर का रंग सांवला है। ब्लू सर्ट व काला ट्रोजर पहने हुए है। उसकी लंबाई 4 फीट 10 इंच है। परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है। मरकच्चो थाना में सनहा दर्ज कर लिया गया है अग्रेतर कार्यवायी की जा रही है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण मेला का किया आयोजन

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के बैंक ऑफ इंडिया जयनगर के सभागार में (एम एस एम ई) सूक्ष्म एवं लघु उद्योग ऋण मेला का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक विमल कांत झा और नेशनल बैंकिंग ग्रुप क्रीन प्रबंधक अमित कुमार के नेतृत्व में किया। जिसमें ग्राहकों के साथ बैठक करके उन्हें बैंक ऑफ इंडिया के ऋण पड़ी योजनाएं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसमें एमएसएमई के तहत 30 लाख, खुदरा में 25 लाख, कृषि ऋण में 20 लाख का स्वीकृति ऋण देने के लिए किया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक मनीषा कुमारी, सहायक प्रबंधक शिवगंगा प्रसाद, ऋण प्रबंधक अर्जुन गुप्ता, रितेश कुमार, राजू मुंडा, मनोज कुमार, बैंक सखी सुजाता कुमारी, ग्राहक सदानंद मोदी, रवि भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, सुदर्शन प्रसाद, संतोष भारती, प्रकाश वर्मा, संजय सुमन सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## शिव मंदिर में 51 किलो दूध से किया रुद्राभिषेक

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कांड तरी पंचायत स्थित सोनपुरा शिव मंदिर में शिव भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा 51 किलो दूध के साथ रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक में कुल 9 पति पत्नी की जोड़ी शामिल हुए। रुद्राभिषेक के दौरान हवन व पूजा अर्चना की किया गया। इस दौरान हर हर महादेव की जय घोष से मंदिर गुंजमान होता।वही आगंतुक शिव भक्त श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें समाजसेवी राजनाथ महतो ने सराहनीय भूमिका निभायी। रुद्राभिषेक में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं में मुख्य रूप से लालदेव महतो, विजय कुमार, अजय कुमार, केवल महतो, टेकलाल महतो, वासुदेव महतो, भोला प्रसाद दांगी, अशोक महतो, हरिकृष्ण कुमार ने अपने पत्नियों के संग रुद्राभिषेक किया।

### सांसद ने की चेन्नई में वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता

# आजादी के अमृत काल में भारत विश्व गुरु बने, हमारा यही संकल्प है: जयंत सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा समिति के अध्ययन दौरे पर हैं। यह दौरा 17 अगस्त से 19 अगस्त 2023 तक मुंबई और 21 अगस्त 2023 में चेन्नई में दो चरणों का था। आज चेन्नई में महत्वपूर्ण बैठकों के बाद यह दौरा समाप्त हुआ। इस दौरान आयकर विभाग, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री व अन्य हितधारकों के साथ अनेक बैठकें की गयीं।

सांसद जयंत सिन्हा ने चेन्नई में मद्रास चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सदस्यों के साथ भारत के सतत विकास हेतु निवेश की आवश्यकताओं पर बैठक की। इस दौरान भारत में विदेश से निवेश बढ़ाने को लेकर चर्चा की गयी। इसमें सभी सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

इसके साथ ही सांसद जयंत सिन्हा ने कैनरा बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक व यूको बैंक के प्रबंध निदेशकों व मुख्य कार्यकारी अधिकारयों के साथ बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जनसुविधा को बढ़ावा देते हुए कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि सांसद जयंत सिन्हा के नेतृत्व में वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति देश भर में अध्ययन दौरों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शन व कार्यों की समीक्षा करती रहती है। वित्त समिति संसद की उत्कृष्ट समितियों में से एक है। हजारीबाग लोकसभा के लिए यह बेहद गर्व की बात है कि उनके लोकप्रिय सांसद इस महत्वपूर्ण समिति के अध्यक्ष हैं।

### भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय नेता- कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

# बाबूलाल मरांडी भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही।** बरही प्रखण्ड के एनएच डाक बंगला बरही में भारतीय जनता पार्टी की बरही विधानसभा स्तरीय नेता व कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने किया। मुख्य रूप से भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी सह कार्यक्रम प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देते हुए पार्टी के प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी 4 सितंबर को बरही प्रखण्ड मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में बाबूलाल मरांडी जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर पार्टी से जुड़े नेता कार्यकर्ताओं को तन मन से जुड़ने की अपील की। प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में आम जनों में काफी उत्साह है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया कि क्षेत्र के लोगों में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर काफी उत्साह है। उनके कार्यक्रम में अप्रत्याशित भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। भाजपा के जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर आवश्यक मंत्रणा की। बैठक में जिला महामंत्री सुनील साहू, जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साहू, बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, पश्चिमी अध्यक्ष अमित साहू, चौपारण पश्चिमी अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, चंदवारा अध्यक्ष द्वारिका राणा, चौपारण पूर्वी महामंत्री बालेश्वर साव, भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, संजीव कतरियार, मंडल के महामंत्री प्रमोद सिंह, मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, जिला के उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष जिला के रामस्वरूप पासवान, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गिरी, गजाधर प्रसाद, मुखिया मोतीलाल चौधरी, हरेंद्र गोप, उपमुखिया मनोज उपाध्याय समेत कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# न्यायालय के आदेश पर जयनगर के पूर्व थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मियों पर मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** न्यायालय के आदेश के 6 महीना बाद जयनगर थाना में जयनगर थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह के अलावे अन्य पुलिस पदाधिकारी सहित 10 पुलिस कर्मियों पर जयनगर थाना में मामला दर्ज हुआ है। दर्ज मामला में जयनगर थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अवधेश सिंह, ढाबथाम के वर्तमान थाना प्रभारी अखिलेश सिंह, एसआई अमित कुमार, एएसआई दिलीप कुमार मंडल, आरक्षी रमेश चंद्र, दयानंद पासवान व परसाबाद के सूरज कुमार गुप्ता सहित दो अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में सोशल मीडिया के पत्रकार चेहाल निवासी सुनील यादव ने तत्कालीन जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा सहित सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों पर जान मारने की नियत से अपहरण कर मारपीट करने तथा झूठा मुकदमा में फंसा कर जेल भेज देने के आरोप लगाया है। न्यायालय में 24 जनवरी 2023 को तत्कालीन थाना प्रभारी सहित 10 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों पर जान मारने की धमकी देकर अपहरण करने तथा झूठा मुकदमा कर जेल भेज देने आरोप लगाते हुए कंप्लेंट केस दर्ज किया गया था। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा 9 फरवरी 2023 को उपरोक्त सभी लोगों पर सुनवाई करते हुए जयनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। जयनगर पुलिस द्वारा न्यायालय के निर्देश को दरकिनार करते हुए 6 माह तक मामला दर्ज नहीं किया गया था। जयनगर थाना में उपरोक्त लोगों पर 6 महीना तक मामला दर्ज नहीं होने पर न्यायालय द्वारा पुनः वरीय पुलिस अधिकारी को नोटिस जारी किया गया। बाद 19 अगस्त 2023 को वर्तमान थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर कांड संख्या 168 /23 के तहत उपरोक्त लोगों पर जयनगर थाना में मामला दर्ज किया है।

## शक्तिमान ट्रक व कमांडर जीप से अवैध ढिबरा बरामद

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां ने कार्यवाही करते हुए मसनोडीह के बसवरिया जंगल से एक शक्तिमान ट्रक और एक कमांडर जीप को जब्त किया है। बताया जाता है कि वाहन में अवैध खनन कर ढिबरा लोड कर परिवहन के क्रम में लें जाते हुए पकड़ा गया। पकड़े गये दोनों वाहन का चालक जंगल व अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। पकड़े गये दोनों वाहन को थाना लाया गया है। दोनों गाडी मे लगभग 4 टन ढिबरा लोड है, जहां आगे की कार्यवाही के लिए कोडरमा वन विभाग को सूचित कर दिया गया है। इस छापेमारी अभियान में एस एस आई नीरज कुमार, दिलशाद अली, हवलदार सोहेल आलम आदि लोग मौजूद थे।

### कृष्णा वल्लभ आश्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक

# भारत जोड़ो यात्रा मील का पत्थर साबित होगी: उमैर खान

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** कृष्णा वल्लभ आश्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा की एक अहम बैठक की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी उमेर खान एवं प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीबाग अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जिला तस्लीम अंसारी उर्फ दरोगा ने किया और कार्यक्रम का संचालन साजिद अली खान ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि उमेंर खान ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने जो तपस्या और त्याग किया है वह किसी भी परिस्थिति में बेकार नहीं जायेगा। यह मिल का पत्थर साबित होगा और आगामी लोकसभा में इसका असर देखने को मिलेगा। पूरे देश में नफरत के आगे मोहब्बत की जीत होगी। निश्चित तौर पर राहुल गांधी देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे। प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता के मान सम्मान के लिए विपरीत से विपरीत परिस्थिति में भी खड़ा रहूंगा मान सम्मान के लिए कोई समझौता नहीं करूंगा क्योंकि कार्यकर्ता ही कांग्रेस की रीड होते हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक फूलों का गुलदस्ता है जिसमें विभिन्न संप्रदाय जाति के लोग ने योगदान दिया तभी यह देश आजाद हो पाया है आज फिर आज फिर देश का संविधान खतरे में है देश का संविधान खतरे में है इसे बचाने का हम सबका दायित्व है। तस्लीम अंसारी ने कहा कि हजारीबाग में संगठन मजबूत है विगत चुनाव एवं आगामी चुनाव में भी इसका लाभ मिलेगा। वहीं धन्यवाद ज्ञापन मोमिन कॉन्फ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष जहांगीर अंसारी ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, भीम कुमार ,अवधेश कुमार सिंह ,शशि मोहन सिंह, रामाकांत सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत दिगंबर मेहता, मिथिलेश दुबे, शशि मोहन सिंह, साजिद हुसैन, झारखंड अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव मो अली, मो तसलीम, रांची महानगर अध्यक्ष अख्तर अली, बोकारो जिला अध्यक्ष मंजूर आलम, रांची जिला अध्यक्ष तौकीर अख्तर, रामगढ़ महासचिव असगर अली, सफदर अंसारी, गुलाम मुस्तफा, दीपक सिंह, अब्बास अंसारी, बाबर अंसारी, इजहार अंसारी, जमशेद खान, इजहार उल हक, विनोद सिंह, प्रोफेसर अख्तर आलम, आफताब आलम, दिलीप रवि, अयूब अंसारी, मो सोहराब, रजाक अंसारी, मो मुस्तकीम, महबूब आलम, अब्बास अंसारी ,मुमताज अंसारी, बबलू अंसारी ,सैयद अशरफ, मुश्ताक अंसारी, विजय सिंह, मुंगेस्वर चौधरी आदि हजारों उपस्थित थे।

## मार्खम कॉलेज की पीजी वाणिज्य की छात्रा प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मार्खम कॉलेज की पीजी की छात्रा प्रियंका कुमारी ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग एमकॉम फाइनल की परीक्षा में 1301 अंक लाकर प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियंका हजारीबाग के रोला निवासी सुखदेव तिवारी की पुत्रवधू और शंभू तिवारी की धर्मपत्नी है। उनकी इस उपलब्धि पर मार्खम कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ संध्या प्रेम, कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ ब्रह्मदेव त्रिवेदी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। प्रियंका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, ससुर, पति और शिक्षकों को दी है। इस उपलब्धि पर कॉलेज की प्रधानाचार्या ने कहा कि इस उपलब्धि से कॉलेज का नाम रौशन हुआ है तथा कॉलेज के शिक्षक गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## विष्णुगढ़ में सावन महोत्सव की धूम



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ बरनवाल महिला समिति के तत्वावधान में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का आयोजन बरनवाल धर्मशाला में किया गया। जिसमें महिला समिति के सदस्यों ने सावन की हरियाली को देखते हुवे हरी साड़ी, हरी चूड़ियां, हरी बिंदी समेत हरी साज श्रृंगार किया। समारोह में नृत्य, संगीत का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा बच्चों को डांस प्रोग्राम किया गया। कार्यक्रम में दौरान बरनवाल महिला समिति के सदस्यों का उत्साह चरम पर रहा। महिला समिति के मीडिया पदाधिकारी शालिनी बरनवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि सावन महोत्सव का इंतजार हम सब बहने बेसब्री से करते है। यह सुनहरा मौका हम हाथ नहीं जाने देते है। सभी बहने एक साथ जुटकर उमंग उत्साह के साथ मनाते हैं। सबो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। समारोह में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बरनवाल महिला समिति के अध्यक्ष बबिता बरनवाल, उपाध्यक्ष वीणा बरनवाल, अनिता बरनवाल, सचिव दीपा बरनवाल, ममता रानी, मीडिया प्रभारी शालिनी बरनवाल, कोषाध्यक्ष प्रिया बरनवाल, सीमा बरनवाल के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं।

## चरही घाटी में मक्का से लदी लोरी पलटी

**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही घाटी के यूपी मोड में सोमवार को लगभग 10 :00 बजे मक्का लदा लोरी अनियंत्रित होने के कारण पलट गया यूपी 25 टी 7952 लोरी उदायनी यूपी से लाउड कर खड़कपुर जाने के क्रम में चरही यूपी मोड में यह घटना हुई इस घटना में चालक को नॉर्मली छोटी आई है पैर फ्रैक्चर हुआ है जिसको इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया है। घटना के बाद चरही पुलिस ने नेशनल हाइवे 33 को एक तरफ बंद कर दिया गया है उक्त लोरी वाहन का समान दुसरे वाहन में लदवा कर किरान के द्वारा उठाया गया है। चरही घाटी में आये दिन लगातार घटनायें होते रहता है ये कोई नयी बात नहीं है घटना के बाद मिडिया के द्वारा दिखया जता है लेकिन इसपर सरकार संज्ञान में नहीं ले रहा है और न 4 लाइन का अधिकारी भी संज्ञान नहीं ले रहे हैं सरकार को चाहिए कि उक्त पथ को कोई अच्छी तकनीक के द्वारा पथ को बनाये जाने से घटनाओं में कमी आ सकती है।

## माध्यमिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करनेवाली छात्रा हुई सम्मानित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती बुंडू की आर्या भारती ने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप कर अपने माता पिता व क्षेत्र का नाम रौशन किया था। छात्रा आर्या भारती को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा 5051 रुपये देकर पुरस्कृत किया गया है विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा पुरस्कृत होने से आर्या भारती उत्साहित व प्रफुल्लित है मौके पर शिक्षकों में अविनाश कुमार, सीआरपी सह समाजसेवी नारायण साव, रामप्रवेश महतो, मुक्ति प्रसाद तिर्की, लालका मुंडा, पारा शिक्षकों में बालेश्वर साहू, कृष्णा करमाली, धनेश्वर राम, जितेंद्र यादव, सुनीता देवी, दिलीप कुमार व मोहन करमाली सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडल की बैठक कल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया के निदेर्शानुसार कल बुधवार 23 /8 /2023 को झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजन मंडली का बैठक रखा गया। उक्त बैठक बड़कागांव के सोनी धर्मशाला में होगा। बैठक में सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली के सदस्यों और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं को उपस्थित होना अति आवश्यक है। उक्त विषय का जानकारी संयोजक मंडली सदस्य संजय सिंह, किशोर राणा, झमन प्रसाद, विशेश्वर राम, हेमंत भुईया, सफीउल्लाह अंसारी, राकेश मिश्रा, वासुदेव यादव, दीपन साव, दिनेश कुमार रवि उर्फ गुड्डू, अशोक गुप्ता, नंदकिशोर भुईया, राजेंद्र मुंडा, रश्मि टुडू, मोहन सोरेन आदि ने दिया।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर विद्यालय परिसर में एक सौ पौधे लगाये



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़कागांव प्रखंड में संचालित बालिका उच्च विद्यालय के परिसर में प्रधानाध्यापक राम लखन महतो के नेतृत्व में 100 पौधरोपण किया गया। जिसमें आम, महोगनी, अमरूद, कटहल, बेल, गुलमोहर और लीची इत्यादि के पौधा हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने के लिए सभी व्यक्ति को पेड़-पौधा लगाने चाहिए। ताकि आने वाले भविष्य में पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया जा सके। इस पौधरोपण में विद्यालय के सचिव प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, अध्यक्ष उमेश साव, प्रशासनिक पदाधिकारी मीनाक्षी कुमरी, समाजसेवी जूठन साव, प्रधानाध्यापक राम लखन महतो, शिक्षिका विमला कुमारी, शिक्षक अशोक कुमार, अख्तर हुसैन, शोभा कुमारी, कुलदीप कुमार, शंकर महतो, विनोद कुमार, इकबाल अंसारी, अर्जुन सिंह और प्रमिला देवी शामिल थे।

## हजारीबाग में सत्यनारायण पूजा का आयोजन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दहेज उन्मूलन सह समाज उत्थान सवर्ण महासभा कार्यालय आनंदा चौक नगर भवन के निकट नगर पालिका मार्केट हजारीबाग झारखंड में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के द्वारा सत्यनारायण पूजा का आयोजन किया गया। जिसका जजमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सीडी सिंह और पुरोहित सत्य प्रकाश पांडे थे। इस अवसर पर संरक्षक बिंदेश्वरी सिंह, संरक्षक चंद्रशेखर मिश्रा, अध्यक्ष सीडी सिंह, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह परनाला, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह जुलु पार्क, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह, सचिव अजीतनाथ कुमार सिंह, संयुक्त सचिव रविकांत सिंह, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अजय शर्मा, शिव शंकर प्रसाद, कौशल कुमार सिंह, मुकुल कुमार तिवारी, अर्जुन ओझा, अवधेश कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, विभूति सिन्हा, मिथिलेश दुबे, विनोद सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, अजय सिंह रांची, अशोक पांडे रांची, रामप्रवेश ठाकुर, बबलू सिंह, लल्लन प्रसाद, ललित मोहन प्रसाद, कुंज ईश्वर उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य श्याम सिंह, विजय कुमार सिंह, सत्य प्रकाश पांडे, गिरीश देव सिंह, गजेंद्र दास गुरु श्रीकांत कुमार, पीयूष कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## गुमला रैपिड एक्शन फोर्स ने संवेदनशील इलाकों में किया फ्लैग मार्च, की शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला 106 रैपिड एक्शन फोर्स व गुमला सदर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में शहर के संवेदनशील इलाकों में फेमिलाइजेशन के तहत थाना चौक, मेन रोड, सिसई रोड, भट्ठी तालाब, आजाद बस्ती होते हुए गुमला शहर के विभिन्न मार्गों में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य संवेदनशील इलाकों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरपीएफ के द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए और आरपीएफ के द्वारा किए गए कार्यों की लोगों को जानाकरी दी। मौके पर मौजूद आरपीएफ के कमांडेट अभिषेक शंकर ने बताया कि हमारी टीम द्वारा दंगा वाले इलाकों में खास कर नजर रखी जाती है ताकि वहां कोई भी जान माल का नुकसान नहीं हो। मौके पर डिप्टी कमांडेट विवेक कुमार, इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी विनोद कुमार, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार सहित जिला बल के जवान मौजूद थे।

## टोटो स्थित मंदिर में मांस का टुकड़ा फेंकने वाला युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** टोटो स्थित मंदिर में मांस का टुकड़ा फेंके जाने के मामले में गुमला पुलिस ने गड़ी मुहल्ला टोटो निवासी 28 वर्षीय राजदीप कुमार ठाकुर उर्फ गोलू ठाकुर को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में सोमवार को गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि 14 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि टोटो स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मांस का टुकड़ा फेंक दिया गया है। जिससे हिंदू वर्ग के लोग काफी आक्रोशित हो गये थे। इस संबंध में गुमला थाना में कांड दर्ज किया गया। जिसके बाद मामले के उद्भेदन को लेकर एसपी के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के निरंतर प्रयास व गुप्तचरों के सहयोग से राजदीप कुमार ठाकुर को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में राजदीप ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। एसडीपीओ ने बताया कि राजदीप पर पूर्व में भी सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का आरोप है। छापामारी दल में थाना प्रभारी बिनोद कुमार, पुअनि सुदामा राम, पुअनि प्रेम सागर सिंह, पुअनि विवेक चौधरी, पुअनि मो. मोजम्मील शामिल थे।

## ग्रीन कोड के साथ भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने मनाया सावन महोत्सव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल ने सोमवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में सावन महोत्सव का आयोजन किया। किसकी अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल ललिता गुप्ता ने की। इस निमित्त कार्यक्रम में महिलाओं ने सर्व प्रथम सावन का हरे रंग का केक काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी ने हरे रंग की साड़ी एवं हरी चूड़ियां पहन कर सावन महोत्सव में अपनी सहभागिता निभाई । सभी महिलाओं के बीच मेहंदी व डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक मेहंदी डिजाइन बनाकर उपस्थित महिलाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डांस में सावन के गीतों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किए गए। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित एसटी मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य शकुंतला उरांव,जिला महामंत्री पायल तिवारी,जिला सोशल मीडिया प्रभारी गुड्डी नन्दा ( रोमा), सह मीडिया प्रभारी रेखा सिन्हा, नगर महामंत्री सोनी भगत,नगर उपाध्यक्ष विधा मिश्रा, रीना तिवारी, स्वधा रिमझिम, गीता देवी, आर्य स्वरा, आदिती सिंह, पिंकी सिंह आदि महिला मोर्चा पदाधिकारी सदस्य गण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने बिशुनपुर स्थित पाट क्षेत्रों का भ्रमण कर लगाया जनता दरबार

# मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं मिलने पर हिंडाल्को के संवेदक को लगायी फटकार

**भ्रमण के पश्चात उपायुक्त ने प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक कर की समस्याओं के समाधान पर चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने प्रशासनिक दल बल के साथ विशुनपुर प्रखंड स्थित पाट क्षेत्रो का भ्रमण किया। उन्होने प्रखंड के नरमा पंचायत के जोभी पाठ , अमतीपानी पंचायत के चापाकोना, गुरदरी पंचायत के कुजाम नवाटोली एवं चिरोडीह पंचायत के चौरा पाट पहुंच कर वहां की स्थिति का जायजा लिया।

विशुनपुर प्रखंड के पंचायतों में उपायुक्त ने स्थानीय ग्रामीणों के लिए जनता दरबार का आयोजन किया। उपायुक्त ने उपस्थित सभी ग्रामीणों से एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को उक्त समस्या के समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। ग्रामीणों द्वारा गांव में होने वाली कई असुविधाओं से उपायुक्त को रूबरू करवाया गया। जिसमें से मुख्यतः बिजली, पानी, राशन, पेंशन एवं आवास से जुड़ी समस्याएं देखने को मिलीं। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा पुल बनाने की भी मांग की गई। वहीं शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा को दुरुस्त करने के लिए भी ग्रामीणों ने उपायुक्त से अनुरोध किया।

इस दौरान उपायुक्त ने अनुसूचित जन जाति आवासीय विद्यालय जोभा पाठ, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चापाकोना, अनुसूचित जन जाति आवासीय उच्च विद्यालय चौरापाठ, मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र, कुजाम नवाटोली का निरीक्षण किया।

**कम मजदूरी देने पर जतायी नाराजगी :** उपयुक्त अपने दौरे के क्रम में जनजाति आवासीय विद्यालय जोभी पाठ पहुंचे। जहां पर हिंडाल्को के द्वारा हॉस्टल मरम्मत का काम किया जा रहा है। मौके पर मरम्मती का काम कर रहे मजदूरों से उपायुक्त ने पूछा कि आप लोगों को कितना मजदूरी मिलता है। तभी मजदूरों के द्वारा बताया गया कि उन्हें दिन भर में 250 रुपये दिया जाता है। इसके बाद उपायुक्त गुस्सा से आग बबूला हो गए। उन्होंने कार्य करा रहे संवेदक एवं हिंडालको कर्मी को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि मजदूरों का जो न्यूनतम मजदूरी 325 रुपये है वह पूरा भुगतान होना चाहिए। ऐसे मजदूरों का हक मारने वाले संवेदक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल में डाल दिया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने छोटे बच्चों से भी मुलाकात की और मिलने वाले सुविधाओं की भी जांच की।

विशुनपुर के पाट क्षेत्रों के भ्रमण के पश्चात उपायुक्त ने प्रखंड मुख्यालय में सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। जिसमें उपायुक्त के क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाए गए समस्याओं के निदान पर भी चर्चा की गई।उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर विशुनपुर स्थित सभी विद्यालयों में पानी एवं शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ बिशुनपुर, अंचल अधिकारी बिशुनपुर, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित हिंडाल्को के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ट्रक चोरी करने के चार आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गये जेल

**11 अगस्त को संत इग्नासियुस स्कूल के पास से 14 चक्का ट्रक की चोरी हुई थी, जो कांके रोड पेट्रोल पंप के पास से बरामद किया गया : एसडीपीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** संत इग्नासियुस स्कूल के समीप से खड़े ट्रक को चोरी करने के मामले में गुमला पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में बैंक मुहल्ला नगड़ी निवासी 25 वर्षीय फैजल अनीश उर्फ सोनू, 23 वर्षीय इमरान अंसारी उर्फ भोलू, पिस्का नगड़ी निवासी 23 वर्षीय अकमल अंसारी व करकरी नरकोपी थाना निवासी 19 वर्षीय चंद्रदीप सिंह के नाम शामिल हैं। इस संबंध में सोमवार को गुमला थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि 11 अगस्त को सिसई रोड स्थित संत इग्नासियुस स्कूल के पास से 14 चक्का ट्रक चोरी हो गई थी। जिसको लेकर गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक छापामारी टीम का गठन किया गया था। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्तचर के माध्यम से चोरी गये ट्रक 12 अगस्त को कांके रोड स्थित आईटीबीपी कैंप के समीप पेट्रोल पंप के पास से बरामद किया गया। छापामारी दल के लगातार प्रयास व व तकनीकी अनुसंधान के सहयोग से फैजल अनीश, इमरान अंसारी, को नगड़ी स्थित रिंग रोड के रैनबो होटल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर अकमल अंसारी व चंद्रदीप सिंह को रांची के ओरमांझी टोल टैक्स से गिरफ्तार किया गया।

छापामारी दल में थाना प्रभारी बिनोद कुमार, पुअनि दीपक कुमार रौशन, पुअनि विवेक चौधरी, पुअनि नितेश कुमार मिश्रा, पुअनि इंद्रजीत कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## मझिआंव में सप्तमी सोमवारी को निकाली गयी भव्य कलश शोभायात्रा

**श्रद्धालुओं ने गाड़ीघाट कोयल नदी संगम तट से जलभरी कर शिवलिंग पर किया जलाभिषेक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र सहित पूरी नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सप्तमी सोमवारी के शुभ अवसर पर अलग-अलग देवालयों से जलाभिषेक हेतु कलश शोभायात्रा निकल गई।

वहीं नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत शिव मंदिर के प्रांगण से कलश शोभा यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने गाड़ीघाट कोयल नदी संगम तट से जलभरी कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। बताते चलें कि कलश शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव, जय श्री राम, जय भोलेनाथ जैसे कई नारों से उद्घोष किया। बाबा भोलेनाथ के कई नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। वहीं श्रद्धालुओं का परिधान भगवा से वातावरण भगवामय हो गया।

वहीं नाग पंचमी के शुभ अवसर पर नगर पंचायत स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक करते देखा गया। श्रद्धालुओं ने फूल, अगरबत्ती, नारियल, बेलपत्र जैसे कई पूजा सामग्रियां भगवान शिव भोलेनाथ को अर्पित किया।

वहीं श्रावण के पावन महीने में नाग पंचमी के शुभ अवसर पर परंपरागत मान्यता के अनुसार लोगों ने मीठा भोजन किया। वहीं महिलाएं मनवांछित फल, अपने पति, पुत्र की लंबी आयु के लिए भगवान शिव की आराधना की।

प्रखंड सहित पूर्व नगर पंचायत क्षेत्र के सभी देव स्थलों पर दिन भर पूजा अर्चना हेतु श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

**अभियान :** गांवों का भ्रमण कर कांग्रेसी लोगों तक पहुंचा रहे हैं राहुल का संदेश

# देश का संविधान बचाने के लिए कांग्रेस को जीत दिलानी होगी : चैतु उरांव

**भ्रमण के दौरान कोहीपाट बरवाटोली में फुटबॉल टूर्नामेंट कार्यक्रम में शामिल होकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों से मुलाकात की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव एवं जिला सचिव तरुण गोप, कार्यालय प्रभारी सुधीर कुजूर एनएसयूआई सदस्य राजू उरांव, मुखिया फगुआ उरांव, डेविड मिंज, घाघरा प्रखंड के पंचायत कोहीपाट के ग्राम गुनिया, नदीटोली, जरगा टोली, डिपाटोली, तारागुटु अंबा टोली भ्रमण कर लोगों से मिलकर राहुल गांधी के संदेशों को उनके साथ साझा किया। भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों पर चर्चा की और उनकी समस्याओं से रूबरू होने का काम किया।

अध्यक्ष चैतु उरांव ने लोगों को बताया कि आज देश विकट स्थिति से गुजर रहा है। देश में अशांति का माहौल बना दिया गया है। मणिपुर की स्थिति तो सब जान ही रहे हैं कि वहां के लोग किस तरह भय के माहौल में गुजर बसर कर रहे हैं और हमारे देश के प्रधानमंत्री को उसकी फिक्र तक नहीं है। देश का संविधान को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। जबकि हमारा देश का संविधान में हमलोगों को हक और अधिकार दिया गया है, उसे बचाना है। मैं अपलोगो से बस इतना कहना चाहूंगा कि इस बार आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकना हैं और कांग्रेस पार्टी को जीत दिलानी होगी। भ्रमण के दौरान कोहीपाट बरवाटोली में सुकरु भगत मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट सरना समिति कोही पाठ के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट कार्यक्रम में शामिल होकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों से मुलाकात की। मौके पर गंनदुर उरांव, विंदेश्वर उरांव, बलकु उरांव, सोमा उरांव, रंथु उरांव, चमरू उरांव, करमचंद उरांव, महादेव उरांव, दिलीप महतो, दिलेश्वर महतो, रतन महतो, नारो महतो, दीपू गोप, संदीप मलार, संतोष गोप, जितवहान मलार, राजेश्वर उरांव, राजेंद्र उरांव, सीताराम उरांव द्वारा लोगों से मिलकर भारत जोड़ो की बात रखी गई।

## डॉ अजय को कांग्रेस स्टेयरिंग कमेटी के प्रदेश प्रभारी बनाये जाने पर हर्ष

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्टेयरिंग समिति में झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार को शामिल किया गया है। इसे लेकर गुमला के कांग्रेसियों में हर्ष है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि इसके लिए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बधाई के पात्र हैं। निश्चित ही दोनों के अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा। हर्ष जताने वालों में महिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा, अमर प्रदीप कुजूर, मुरली मनोहर प्रसाद, अकील रहमान, बैजनाथ उरांव व हिमेश कुमार हैं।

## पुस्तकालय संचालन समिति का गठन 23 को

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नवनिर्मित शहीद तेलंगा खड़िया पुस्तकालय का सफल संचालन हेतु 23 अगस्त बुधवार को 10 बजे पुस्तकालय संचालन समिति का गठन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ सुनीला खलखो ने बताया कि पुस्तकालय संचालन समिति के लिए अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित 30 सक्रिय सदस्यों का चुनाव किया जाना है। अभी तक 150 से अधिक लोग 500 रुपया का अंशदान देकर पुस्तकालय के प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं। इन्हीं लोगों में से सरकारी कर्मी और किसी भी राजनीतिक पार्टी के पदधारी व्यक्ति को छोड़कर कोई भी प्राथमिक सदस्य समिति के पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। बीडीओ ने अधिक से अधिक लोगों को कम से कम 500 रुपया देकर प्राथमिक सदस्य बनने की अपील की है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## वन विभाग ने हाथियों से प्रभावित 18 परिवारों के बीच मुआवजा राशि का किया वितरण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र मे पिछले कई दिनों से लगातार जंगली हाथी के उत्पात से लोग त्रस्त हैं। आए दिन जंगली हाथी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में विचरण करते हुए कई गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त कर रहे हैं। साथ ही किसानों की तैयार फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। पीड़ित किसान पिछले कई दिनों से वन विभाग से उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे जिसके बाद सोमवार को वन विभाग के द्वारा चैनपुर, छत्तरपुर, बुकमा, कोनकेल, रामपुर, प्रहाटोली, केडेंग गांव सहित कुल 18 पीड़ित परिवारों के बीच 3 लाख 40 हजार 920 रु. मुआवजे की राशि का वितरण कुरुमगढ़ वन क्षेत्र कार्यालय चैनपुर में किया गया। जिसमें वनपाल प्रभुदान मिंज ने जिला से मिले पीड़ित लोगों को चैनपुर के जनप्रतिनिधि प्रमुख ओलीभा कांता कुजूर एवं बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज के हाथों चेक के द्वारा पीड़ित परिवारों के बीच मुआवजे की राशि का वितरण किया गया। इस मौके पर शिव कुमार, संतोष गोप सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## रायडीह पंचायत समिति की बैठक में प्रमुख ने की विभागवार योजनाओं की समीक्षा



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड पंचायत समिति रायडीह की मासिक समीक्षा बैठक सोमवार को प्रखंड सभागार में प्रमुख ममता सोरेंग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभागवार योजनाओं की समीक्षा की गई। 15वें वित्त से संचालित सभी तरह की योजनाओं को अविलंब पूरा कर उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ग्रामसभा कर योजनाओं का चयन कर 15वें वित्तीय के प्रखंड समन्वयक पंजायती राज पोर्टल पर अपलोड करने की बात कही गई। झारखंड ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधि को प्रखंड की ओर से लाभुक चयनित कर केसीसी फार्म को जांचोंपरांत केसीसी ऋण किसानों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं बीडीओ अमित कुमार मिश्रा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर केन्द्र में बिजली, शौचालय आदि का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपप्रमुख दीपक कुजूर, पंसस सरिता देवी, राजेश उरांव, मधुसूदन सिंह, चैठी देवी, मोनिका टोप्पो, जिप सदस्य रशिम मिंज, मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, संजय ओहदार, सुजीत कुमार, विक्की केशरी एवं पंचायत सचिव आदि मौजूद थे।

## बसिया प्रखंड में बिजली बिल जमा शिविर का आयोजन 30 अगस्त तक

**बसिया (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कामडारा के द्वारा बसिया प्रखंड में बिजली बिल जमा करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके तहत 22 अगस्त को लौंगा, 23 अगस्त को बम्बियारी, 24 अगस्त को नारेकेला, 25 अगस्त को कलिगा, 26 अगस्त को बसिया, 28 अगस्त को कुरकुरा, 29 अगस्त को कोनबीर एवं 30 अगस्त को कुम्हारी में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर 10 बजे से 2 बजे तक रहेगा। उक्त जानकरी कनीय अभियंता कंचन टुडू ने दी।

## पालकोट में दुर्घटना में दो युवक घायल, स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नहीं रहने से ग्रामीणों ने जतायी नाराजगी



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** सोमावर को साप्ताहिक हाट होने के कारण भीड़भाड़ थी। इसी बीच बस स्टैंड के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक को पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा पालकोट स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नदारत थे। किसी तरह घायलों को एम्बुलेंस में गुमला भेजा गया। एम्बुलेंस में मात्र एक पेसेंट की जगह थी लेकिन किसी तरह दोनों घायलों को भेजा गया। दोनों युवक अपने गांव से पेट्रोल भराने पेट्रोल पंप जा रहे थे और सामने से आ रहे हाईवा ट्रक की चपेट में आ गये। बंगरु मुखिया पूनम एक्का ने दोनों युवकों की पहचान कर बतलाया कि दिलीप उरांव बंगरु पतरा टोली व सूरज उरांव रक्त पानी का रहने वाला हैं। आये दिन तीन बजे के बाद स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नहीं रहते हैं। नतीजन आज भी नहीं थे। इसके कारण काफी परेशानियाों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण काफी नाराज दिखे ग्रामीणों ने केंद्र में चिकित्स नहीं होने पर सवाल उठाया। स्वास्थ केंद्र की अब्यस्था से पालकोट के लोग काफी परेशान हैं। पालकोट स्वास्थ्य केंद्र में ऐसे तो डाक्टर के पद सात हैं लेकिन कार्यरत मात्र तीन हैं। शाम होते ही सभी गायब हो जाते हैं। रात्रि में सिर्फ एनएम के भरोसे स्वास्थ्य केंद्र संचालित रहता है। चिकित्सा व स्वास्थ्य केंद्र की अव्यस्था पर कई बार ग्रामीणों ने विरोध भी किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

